इंफ्रा-चेक

○ सुजीत गुप्ता

मेट्रो-३ के १३ स्टेशनों की खुदाई हुई १००% पूरी

मई में अन्य १३ स्टेशन का काम भी हो जाएगा पूरा

मुंबई में अंडरग्राउंड मेट्रो का काम काफी तेज गति से आगे बढ़ रहा है। कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो-३ परियोजना के पहले चरण (बीकेसी से सीप्ज) का काम दिसंबर २०२१ में पूरा करने का लक्ष्य एमएमआरसीएल ने रखा है जबकि दूसरे चरण (बीकेसी से कुलाबा) का लक्ष्य जून २०२१ रखा गया है। एमएमआरसीएल से मिली जानकारी के अनुसार अब तक मेट्रो-३ के २६ स्टेशनों में से १३ स्टेशनों की खुदाई का काम पूरा हो चुका है। अन्य १३ स्टेशनों की खुदाई का काम मई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के मुताबिक सबकुछ ठीक रहा तो मई में मेट्रो-३ के सभी स्टेशनों की खुदाई का काम अपने तय समय पर पूरा हो जाएगा।

इन स्टेशनों का काम हुआ पूरा

मेट्रो-३ के जिन स्टेशनों की खुदाई का काम पूरा हुआ है, उनमें कफ परेड, विधान भवन, चर्चगेट, हुतात्मा चौक, सीएसएमटी, साइंस म्यूजियम, सिद्धिविनायक, एमआईडीसी, मरोल नाका, सहार रोड, सीएसएमआईए (इंटरनेशनल), सीएसएमआईए (राष्ट्रीय एयरपोर्ट) और सीप्ज मेट्रो स्टेशन की खुदाई का काम पूरा हो चुका है।

एमएमआरसीएल के योजना संचालक एसके गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में चल रहे मेट्रो स्टेशन के काम को और गति प्राप्त होगी। बाकी बचे मेट्रो स्टेशनों की खुदाई का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। ८७ फीसदी खुदाई का काम पूरा हो चुका है और बाकी बचा काम तीन से चार महीने में पूरा हो जाएगा।

४० किमी अंडरग्राउंड टनल तैयार

मुंबई में अंडरग्राउंड मेट्रो टनल का काम काफी तेजगति से आगे बढ़ रहा है। कुलाबा से सीप्ज अप-डाउन कुल मिलाकर ५५ किमी अंडरग्राउंड मेट्रो टनल का काम होना है। मेट्रो टनल के निर्माण कार्य में हजारों मजदूर सहित इंजीनियर रात दिन लगे हुए हैं। इन्हीं मजदूरों और इंजीनियरों की मदद से मुंबई की कोख में अब तक ४० किमी की अंडरग्राउंड टनल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। महज १५ किमी टनल का काम होना बाकी है, जिसे पूरा करने का लक्ष्य मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने दिसंबर २०२० का रखा है।

मेट्रो-३ का ७५% काम पूरा

अब तक अंडरग्राउंड मेट्रो टनल का निर्माणकार्य ७५ प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। जबकि टनल खुदाई के लिए ३२ टीबीएम में से २४ टीबीएम ने अपना काम पूरा कर लिया है। महज ८ टीबीएम मशीन को अपना काम निर्धारित समय पर पूरा करना है। टनल खुदाई का काम १७ टीबीएम मशीन से पूरा किया जा रहा है।

इन स्टेशनों की खुदाई काम प्रगति पर

१ कालबादेवी स्टेशन-२६%
२ गिरगाव स्टेशन- १४%
३ ग्रांट रोड स्टेशन-५६%
४ मुंबई सेंट्रल स्टेशन-७३%
५ महालक्ष्मी स्टेशन-७५%
६ आचार्य अत्रे चौक स्टेशन-३९%
७ वरली स्टेशन-८२%
८ दादर स्टेशन-८८%
९ शीतला देवी स्टेशन-७१%
१० धारावी स्टेशन-८१%
११ बीकेसी स्टेशन-८३%
१२ विद्यानागरी स्टेशन-८७%
१३ सांताक्रुज स्टेशन-९३%